जर्मनी रक्षा क्षेत्र में निवेश करेगा : केशव

उम्मीद

बर्लिन/लखनऊ, हिन्दुस्तान टीम। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में जर्मनी पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने वहां के उद्यमियों से संवाद स्थापित किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जर्मन-इजराइल की अग्रणी कंपनी क्वांटम सिस्टम जीएमबीएच के साथ बैठक की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जर्मनी में यूपी की दमदार दस्तक में रक्षा संबंधी निवेश को समर्थन मिला है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी में आयुध कारखाने का दौरा किया।

क्वांटम टेक्नोलॉजीज को निवेश के लिए आमंत्रित किया

उपमुख्यमंत्री व आईटी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मुख्य केंद्र है। उप मुख्यमंत्री मौर्य व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शर्मा ने क्वांटम टेक्नोलॉजीज को राज्य में ड्रोन मैन्युफेक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया, जिससे यहां की कुशल प्रतिभा- समूह का लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिले।